52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.1 °c | अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:56 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 332 रविवार, 01 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अगर हम जिन्दगी में कमजोर बनके रहेंगे तो कठिनाइयाँ सबसे पहले हमारे ऊपर ही आक्रमण करेंगी

जो संभल के अपराधी हैं, वो सब समाजवादी हैं : ब्रजेश पाठक



कैसा भी अपराधी हो.... अंकुश बहुत जरूरी है.....

# युवा व्यापारी ने कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या की

## मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ व व्यापारी संगठनों के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जताया अफसोस

**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** देर रात दुखद हादसे में प्रमुख व्यापारी नेता बलविंदर सिंह सल्ल के युवा भतीजे ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना फैलते ही पंजाबी समाज व व्यापारी समाज के तमाम लोग जिला चिकित्सालय और उनके आवास पर पहुंचे।

रुडकी रोड पर सहारनपुर बस स्टैंड के पास व्यापारी नेता बलविंदर सिंह सल्ल का आवास है। इसके बराबर में ही उनका भतीजा हरविंद्र सिंह उर्फ हन्नी रहता था। यहां ऊपर उनका आवास और नीचे कार्यालय बनाया हुआ है। बताया गया है कि करीब 38 वर्षीय हरविंद्र सिंह आज रात वहां बैठा था। बताया गया है कि रात करीब दस बजे उसकी किसी व्यक्ति से फोन पर बात हुई। इसके बाद हरविंद्र सिंह ने अपनी पत्नी को फोन कर नीचे आने को कहा। इसी दौरान उसने अपनी कनपटी पर गोली मार ली। उसकी पत्नी जैसे ही नीचे उतर कर आई तो देखा की हरविंद्र सिंह वहां लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। यह नजारा देखकर पत्नी की चीख निकल गई। इसे सुनकर परिवार के लोग तथा पड़ौसी भी वहां पहुंचे। बलविंदर सिंह व अन्य परिजन भी वहां पहुंचे और रक्त रंजित अवस्था में हरविंद्र सिंह को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। दो निजी अस्पतालों में भी उन्हें ले जाया गया। भोपा रोड स्थित ईवान हॉस्पिल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। मामले की सूचना मिलते ही पंजाबी समाज के अध्यक्ष व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पंजाबी समाज के नेता सरदार सुखदर्शन बेदी, व्यापारी नेता तरुण मित्तल समेत तमाम व्यापारी व पंजाबी समाज के नेता वहां पहुंचे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार मौके पर सीसी टीवी फुटेज को भी देखा जा रहा है। इससे लग रहा है कि हरविंद्र सिंह ने खुद गोली मारकर आत्महत्या की है। सीओ सिटी व्योम बिंदल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रात दस बजे इस आशय की सूचना मिली थी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। सीसी टीवी फुटेज से लगता है कि उसने खुद गोली मारकर आत्महत्या की है। मामले में आगे जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हरविंद्र सिंह खाद समेत कई व्यापार करता था। परिवार में उसकी पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चे हैं। पंजाबी समाज व व्यापारी नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख जताया है।





पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी

# एनकेजी प्राइम्स कम्पनी से 11 लाख भुगतान न मिलने पर आत्महत्या करने पहुंचा ठेकेदार

## आत्म हत्या से बचाने के बाद जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार ने कंपनी से दिलाये तीन लाख रुपये, दो लाख रुपये सोमवार को मिल जायेंगे

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** जाट कालोनी स्थित जल निगम के ऑफिस पर आज ठेकेदार बिन्दर ने मजबूर होकर आत्महत्या का निर्णय लेते हुए हंगामा किया। हंगामे के दौरान बिन्दर के हाथ से तेल की बोतल व माचिस आसपास खड़े लोगों ने छीन ली और पूरे मामले का पता लगाया। मीडिया से मुखातिब होते हुए ठेकेदार बिन्दर ने बताया कि छह दिसम्बर को उसकी खुद की बेटी की शादी है और 29 नवम्बर यानि बीते हुए कल, लड़की का लगन जाना था, मगर जल निगम की एक प्राइवेट कंपनी एनकेजी प्राइम्स पर उसके 11 लाख रुपये का भुगतान बकाया है और उसे भुगतान के लिए साफ मना कर दिया गया है। जैसे ही उक्त मामला मीडिया में सुर्खियां बना तो जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार ने तस्वीर साफ करते हुए कहा कि विभाग से इस बात का कोई लेना-देना नहीं है, दरअसल अब प्राइवेट कंपनियां इन ठेकेदारों का भुगतान करती हैं, इसलिए भुगतान की पूरी-पूरी जिम्मेदारी प्राइवेट कंपनी एनकेजी प्राइमस की ही है। मगर फिर भी एक्सईएन संजय कुमार ने कंपनी से बात कर हंगामे के बाद हाथों-हाथ बिन्दर को तीन लाख रुपये दिलाये और दो लाख रुपये सोमवार को दिलाने की बात कही। हंगामे के दौरान जब बिन्दर अपने ऊपर तेल छिड़कने लगा तो उसके साथ कुछ लोग भी वहीं मौजूद थे, जिन्होंने बिन्दर को आग लगाने से रोकते हुए कहा कि तुम्हें आग लगाने की कोई जरूरत नहीं है, ये तो पेमेंट अभी और इसी वक्त देंगे। घंटों चले इस हंगामे के बाद जब बिन्दर को तीन लाख रुपये लेकर तसल्ली हो गई तो वह एक्सईएन संजय कुमार के आश्वासन पर वहां से वापस लौट गया।











# बाईपास से मंसूरपुर के बीच बनेंगे चार फ्लाई ओवर

## बझेड़ी, जौली, पुरबालियान व वहलना का एनएचएआई की टीम ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** जिले में दिल्ली-देहरादून एनएच 58 पर हादसों का कारण बनने वाले क्रॉस मार्गों पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए आज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम ने हाईवे का निरीक्षण किया। जिले में वैसे तो मुख्य मार्गों का विकास तेजी से होने के कारण यातायात सुगम हुआ है, लेकिन जनपद में कई स्थानों पर होने वाले हादसों का कारण इन मार्गों पर बनी क्रास रोड हैं। विगत दिनों एनएचएआई के चेयरमैन और जिले के कलेक्टर रह चुके सुभाष यादव बार ऐसोसिएशन में आए थे। उस समय बार अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने उनके समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाले हादसों का मामला उठाते हुए इसके लिए चार स्थानों पर क्रास रोड को इसके लिए जिम्मेदार बताते हुए, वहां ओवर ब्रिज बनाने का मामला उठाया था। संतोष यादव ने दिल्ली जाते ही प्राधिकरण की एक टीम को यहां भेजा। आज यह टीम निरीक्षण के लिए पहुंची और दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन स्थानों का निरीक्षण किया जहां फ्लाई ओवर की मांग की जा रही है। जिला बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी भी मौजूद रहे। इस टीम ने वहलना, पुरबालियान कट से मंसूरपुर मिल, जौली रोड और कावड़ मार्ग के बझेड़ी कट का निरीक्षण किया। यही जिले में राजमार्ग के ऐसे स्थान हैं, जहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इस मौके पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रणबीर सिंह के नेतृत्व में आई टीम ने प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करने के बाद कहा कि वे जल्द ही इसे लेकर अपनी रिपोर्ट एनएचएआई चेयरमैन को देंगे। इसके बाद जल्द ही काम शुरू होने की संभावना है। ऐसे में



दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर चार फ्लाई ओवर बनने के बाद दिल्ली से देहरादून जाने के लिए समय कम लगेगा और अकसर यहां होने वाले हादसों पर भी रोक लगेगी।

## सांसद अफजाल अंसारी और छह अन्य को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**गाजीपुर, 30 नवंबर (एजेंसी)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्न आनंद की अदालत ने शनिवार को अफजाल अंसारी और छह अन्य को बलवा और सरकारी काम में बाधा डालने के एक पुराने मामले में बाइज्जत बरी कर दिया है। 9 अगस्त 2001 को सपा के प्रदेश बंद कार्यक्रम के दौरान सपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। आरोप था कि सपा से मोहम्मदाबाद के तत्कालीन विधायक और वर्तमान गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी चार हजार लोगों के साथ मंडी समिति से जुलूस के साथ तहसील पहुंचे। मोहम्मदाबाद एसडीएम के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। तत्कालीन सीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें रोकने का प्रयास किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय में घुस गए और हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया था। मोहम्मदाबाद कोतवाली में अफजाल अंसारी सहित कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने तत्कालीन विधायक अफजाल अंसारी और समर्थकों के खिलाफ आरोप पत्र प्रेषित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई हो रही थी। अभियोजन के तरफ से 12 गवाहों को प्रस्तुत कराया गया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद अदालतन ने सांसद और छह अन्य को दोष मुक्त कर दिया है।









## ये मुजफ्फरनगर है, यहां कचहरी में भी चोरी के उद्देश्य से तोड़ी जाती हैं खिड़कियां

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में कचहरी भी सुरक्षित नहीं है। शनिवार की सुबह जब कचहरी खुली तो कचहरी के डाक घर की खिड़कियां टूटी-फूटी हालत में मिली। किसी भी कर्मचारी ने मीडिया को यह बताने की जहमत नहीं उठाई कि कचहरी डाक घर में चोरी का प्रयास किया गया है। मगर, लगभग 12 बजे के करीब जैसे-तैसे बुलेटिन को सूचना प्राप्त हुई कि कचहरी में डाक घर की खिड़कियां तोड़ने का प्रयास किया गया है। बुलेटिन की टीम जब डाक घर पहुंची तो डाक घर कर्मियों ने कहा कि नहीं कुछ नहीं हुआ है, चोरी बच गई है। मगर चोरी का उद्देश्य क्या था, यह डाक घर कर्मचारी नहीं बता पाये। जब डाक घर कर्मचारियों से यह सवाल किया गया कि आखिर खिड़कियां तोड़ने वाले का उद्देश्य तो चोरी ही होगा, यह बात अलग है कि चोरी नहीं हो पाई, इस पर कचहरी डाक के कर्मचारियों की ओर से कोई माकूल जवाब नहीं मिला। अब डाक घर में किस उद्देश्य से खिड़की तोड़ने का प्रयास किया गया, यह डाक घर चलाने वाले कर्मचारी ही जाने, मगर टूटे हुए सरियों की तस्वीर साफ बयां कर रही है कि चोर किसी न किसी उद्देश्य से आया था और वह सफल हुआ या नहीं, यह डाक घर कर्मचारी ही जानें। बड़ी बात यह है कि डाक घर की खिड़की के सरिया तोड़ने के बाद भी पुलिस को किसी भी मामले की जानकारी या तहरीर नहीं दी गई।



## एमएलसी वीरेंद्र सिंह नोएडा के अस्पताल में भर्ती

**शामली, 30 नवंबर (एजेंसी)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह को गंभीर हालत में नोएडा के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वीरेंद्र सिंह को आज सांस लेने में तकलीफ के बाद पहले यहां दिखाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार चल रहा है।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 01 दिसम्बर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1640-स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तगाल स्वतंत्र हुआ। 1933-कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई। 1959-अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये। बाहरी अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया। 1963-नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना। 1974-वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत। 1976-अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया। 1987-अफगानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित। 1988-पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए। 1991-एड्स जागरूकता दिवस की शुरूआत हुई। 1992-दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित। 1997-चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया। 2000-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया। 2001-अफगानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्जा। 2002-आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट श्रृंखला जीती। 2006-नेपाल ने नये राष्ट्रगान, जिसमें राजा का नामो-निशान तक नहीं है, स्वीकृत किया। 2007-चीन के सान्या में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में चीन की इलांग जी लिन को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1400-1425, रसकट ढैया 1120-1170, चाकू 1300-1500, लड्डू 1400-1495, खुरपापाड़ 1300-1305, शक्कर मसाला 1400-1425। आमद- 7000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78700 | चांदी- | 91750 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58865 |

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 01 दिसम्बर, 2024

**मेष-** शारीरिक-मानसिक कष्ट, कार्यों में विलम्ब, क्रोध की अधिकता, धनहानि, आवागमन में प्रतिकूलता, जीवन साथी से मतभेद, अपव्यय, अनावश्यक चिन्ता।
**वृषभ-** साहसिक प्रयास प्रगति पर विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, निराशा का समापन, वैवाहिक जीवन सन्तोषजनक, मंगल आयोजन संपन्न, आत्मिक शांति।
**मिथुन-** नवीन योजना का श्रीगणेश, शुभ भावनाओं का उदय, सुसंदेश की प्राप्ति, पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता में कमी, वाहन से सुख, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।
**कर्क-** आर्थिक-व्यावसायिक लाभ, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास, कार्य क्षमता में वृद्धि, कर्ज की निवृत्ति, राजनैतिक पक्ष से प्रतिष्ठा।
**सिंह-** समय असंतोषजनक, सामयिक कार्यों में निराशा, आकस्मिक व्यय, वैवाहिक जीवन में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, वाहन से भय, सावधानी अपेक्षित।
**कन्या-** परिस्थितियां अनुकूल, आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का सुयोग, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, आय के नवीन स्रोत उपलब्ध।
**तुला-** दिनचर्या व्यवस्थित, सद्विचारों से आत्मिक शांति, शिक्षा में सफलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, आपसी सलाह से कामयाबी।
**वृश्चिक-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, लाभ का मार्ग प्रशस्त, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय में सफलता, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, निजी इच्छा की पूर्ति संभव है।
**धनु-** दिनचर्या अव्यवस्थित, दूसरों के कटुवचन से आत्मिक कष्ट, आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में असफलता, विरोधी प्रभावी, यात्रा संभव।
**मकर-** कठिनाइयों का निवारण, नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण मसला हल, विरोधी परास्त, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सम्बन्धों में मधुरता।
**कुम्भ-** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, स्वविवेक का निर्णय लाभकारी, मित्रों से गलतफहमियां दूर होने को, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।
**मीन-** आकस्मिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, दाम्पत्य जीवन मधुर, मेल-मिलाप में रुचि, बकाए धन की प्राप्ति का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आरएसएस ने कहा: हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए विश्व जनमत बनाए केंद्र

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे और इस्कॉन मंदिर से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद हालात खराब होते जा रहे हैं। उनके जेल जाने की खबरों के बाद से लगातार हंगामा जारी है। भारत का पड़ोसी देश इस समय सांप्रदायिक आग में झुलस रहा है। हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने चिंता जताई। संघ ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और दास को तुरंत जेल से रिहा करने की अपील की।
बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि केंद्र सरकार को हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। केंद्र सरकार को विश्व जनमत तैयार कर भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए। साथ ही इसके लिए वैश्विक प्रभावी संगठनों की मदद लेनी चाहिए। संघ ने इस्कॉन मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा किए जाने की मांग की है।
उन्होंने आगे कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं, महिलाओं और अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्याएं, लूटपाट और आगजनी जैसी घटनाओं के साथ ही अमानवीय अत्याचार बेहद चिंताजनक हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी निंदा करता है।' उन्होंने कहा कि इन लोगों को रोकने की जगह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और अन्य एजेंसियां मौन साधे हुए हैं। होसबोले ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं द्वारा आत्मरक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उनके खिलाफ अन्याय और अत्याचार का एक नया दौर बनता दिख रहा है। सरकार्यवाह ने यह भी कहा कि इस तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजना अन्याय है। बता दें, बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र से उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह चटगांव जा रहे थे।

## बांग्लादेश में तिरंगे के अपमान के बाद कोलकाता के अस्पताल में नहीं होगा पड़ोसी देश के मरीजों का इलाज

कोलकाता, 30 नवंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर भारत के साथ-साथ अब मानवाधिकार संगठन भी आवाज उठा रहे हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल के एक अस्पताल ने बांग्लादेश में भीड़ द्वारा भारतीय ध्वज जलाने की कथित घटना को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इतना ही नहीं इस अस्पताल ने कहा है कि वह पड़ोसी देश के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेशी मरीजों का इलाज भी नहीं करेगा। उत्तर कोलकाता के मनिकतला इलाके में स्थित जेएनरे अस्पताल ने शुक्रवार को कहा कि वह पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेश के मरीजों का इलाज नहीं करेगा। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिकों के द्वारा भारतीय ध्वज का अपमान किए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया। अस्पताल के अधिकारी शुभ्रांशु भक्त ने कहा, हमने एक अधिसूचना जारी की है कि आज से अनिश्चित काल तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज को उपचार के लिए भर्ती नहीं करेंगे। यह मुख्य रूप से भारत के प्रति उनके अपमान के कारण है। उन्होंने शहर के अन्य अस्पतालों से भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में ऐसा ही करने का आग्रह किया।

## नगर पंचायत में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित



बुढ़ाना, 31 नवम्बर (बु.)। नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में शनिवार के दिन बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल की अध्यक्षता और बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव के नेतृत्व में नगर पंचायत बुढ़ाना में सफाई मित्र सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सभी सफाई मित्रों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण को नगर पंचायत बुढ़ाना को नम्बर एक बनाने के लिये साफ-सफाई में अभी से ही अथक प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। सफाई कर्मचारियों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग लेने के लिये भी निर्देशित किया गया। यहां पर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 कर्मचारियों जिनमें रवि, भूरा, अमित, मांगेराम और मांगेराम द्वितीय के गले में पुष्प मालाएं डालकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में बुढ़ाना नगर पंचायत के लिपिक सतीश कुमार, सुमित शर्मा, दिनेश त्यागी, सुधीर कुमार और शाहआलम सहित समस्त सफाई कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया इंडस्ट्रियल टूर

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल के इंजीनियरिंग ग्राफिक्स पाठ्यक्रम के कक्षा-12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल एजुकेशन टूर कराया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अनुभव के आधार पर यांत्रिक प्रौद्योगिकी और स्क्रैप से इस्पात निर्माण के सम्बंध में व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया।
एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यालय प्रांगण से इंजीनियरिंग ग्राफिक्स के कक्षा-12 के विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल एजुकेशन टूर के लिए शिक्षक डॉ. पी.सी. पटेल के नेतृत्व में रवाना किया। उन्होंने बताया कि आज विद्यार्थियों को फील्ड में तकनीकी ज्ञानार्जन के उद्देश्य से टिहरी आयरन एंड स्टील कास्टिंग लिमिटेड, मुजफ्फरनगर का दौरा कराया गया। यहां पर सर्वप्रथम विद्यार्थियों को यांत्रिक प्रौद्योगिकी की प्रगति, औद्योगिक क्षेत्र के विकास और सुरक्षात्मक उपायों, इस्पात निर्माण और इसके लिए कच्चे माल के रूप में स्क्रैप की उपलब्धता की जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों को इस्पात निर्माण की प्रक्रिया को समझाने के लिए इंडस्ट्री के सभी सैक्शन का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्क्रैप को गलाने से लेकर लैब टेस्टिंग तक सभी प्रक्रियाओं को गहनता के साथ देखा, परखा और इसके सहारे ज्ञान अर्जित किया। बच्चों को दिखाया गया कि किस प्रकार स्क्रैप को गलाने के बाद कितने चरणों की प्रक्रिया से गुजरते हुए अंतिम उत्पाद तैयार किया जाता है। विद्यार्थियों ने कच्चे माल से अशुद्धियों को दूर करने, उत्पाद बनाने के लिए पिघले लोहे में आवश्यक तत्वों के मिश्रण और इसके बाद विभिन्न सांचों के आधार पर इसको अंतिम उत्पाद के रूप में सरिया, एंगल, आयरन टी और सी सैक्शन के आकार में ढालने की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव किया। यहां पर विशाल इलेक्ट्रो-मैग्नेट का व्यवसायिक प्रयोग देखकर छात्र-छात्रा रोमांचित भी नजर आये। उनको इंडस्ट्री में लैब का भ्रमण कराते हुए धातु के सैक्शन की टैक्साइल स्ट्रेंथ और एलोंगेशन आदि परखने की विधि को भी समझाया गया, साथ ही इंडस्ट्री की वर्कशॉप में लैथ मशीन की उपयोगिता और कार्य भी समझते हुए विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान को और अधिक समृद्ध किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से बच्चों को जहां विषय आधारित व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान प्राप्त होता है, वहीं वो बाहरी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन की प्रक्रिया, औद्योगिक तकनीक को आसानी से समझ पाते हैं। हमारा प्रयास यही था कि इस भ्रमण के माध्यम से बच्चे यांत्रिक प्रौद्योगिकी के सहारे उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया को समझकर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर सकें। अंत में विद्यार्थियों को इंडस्ट्री परिसर में स्थित गौशाला का भ्रमण कराते हुए गौवंशों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई और यहां बच्चों ने गौवंशों की सेवा भी की।



## गोल्डन पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी विद्यार्थियों ने किया स्टेशन व वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण



मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। पचैंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत रेलवे स्टेशन और गांधी वाटिका का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को परिवहन के साधनों से जुड़ी जानकारी देना था। रेलवे स्टेशन पर बच्चों ने ट्रेन के संचालन, प्लेटफार्म, टिकट काउंटर और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने ट्रेन को आते-जाते देखा और उसकी कार्य प्रणाली के बारे में सवाल पूछे। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि रेलवे हमारी यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाता है। इसके बाद विद्यार्थी गांधी वाटिका पहुंचे, जहां उन्होंने अनेक प्रकार के झूले और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आनंद उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में बच्चों की शिक्षिका कुसुम, राजेंदर कौर, पूजा, मोनिका, ज्ञानू, रिया आदि का सहयोग रहा।

## सांसद हरेन्द्र मलिक ने लिखा डीएम को पत्र, पालिका में बनें उप-समिति



**पालिका में सातों कमेटियों का गठन करने की मांग डीएम के निर्देश पर एडीएम ने ईओ को लिखा पत्र**

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक में एकजुटता का पाठ पढ़ाने वाले मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक ने अब नगरपालिका में व्यवस्था सुधार के लिए कमेटी गठन न होने पर आवाज उठाई है। उन्होंने इन समितियों का गठन कराने के लिए डीएम को पत्र के माध्यम से मांग की तो डीएम के निर्देश पर पालिका की अधिशासी अधिकारी को नियमानुसार समिति गठन कराकर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिए प्रशासन ने आदेश जारी कर दिए हैं।
नगरपालिका परिषद् में सात समितियों के गठन का मामला पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल के कार्यकाल के बाद फिर से उठा है। उस वक्त समितियों का गठन नहीं किया गया था। इस बोर्ड में भी समितियों का गठन न होने पर स्थानीय सांसद हरेन्द्र मलिक ने डीएम को चिट्ठी लिखते हुए नियमों की जानकारी देते हुए इन समितियों का गठन जनहित में कराने की मांग की। सांसद के पत्र पर शुरू हलचल के बीच डीएम के आदेश के बाद एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने पालिका ईओ को सातों समितियों का गठन कराने के निर्देश जारी किए हैं। मुजफ्फरनगर के सांसद हरेन्द्र मलिक ने 19 नवम्बर को डीएम उमेश मिश्र को एक पत्र लिखते हुए कहा कि पालिका अधिनियम 1916 की धारा 104 से 109 तक स्पष्ट उल्लेख है कि पालिका में 7 समितियों के रूप में वित्त, स्वास्थ्य, हाउस टैक्स, स्ट्रीट लाइट, निर्माण, कन्या विद्यालय और वाटर टैक्स का गठन किया जाता है। मौजूदा बोर्ड के करीब डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में भी इन समितियों का गठन नहीं किया है।
पालिका में जीरो टोलरेंस नीति के तहत कार्यों में पारदर्शिता लाने और जनहित में इन समितियों का गठन कराने की मांग सांसद ने की। डीएम के आदेश पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने अब पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने सांसद हरेन्द्र मलिक के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि समिति के गठन के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध करायें और इसमें यह भी बताया जाये कि अभी तक इन समितियों का गठन क्यों नहीं किया गया है।

## चलती बस में दरवाजा खोलकर तंबाकू थूकते गिरा नीचे...मौत

सुल्तानपुर, 30 नवंबर (एजेंसी)। शनिवार को तंबाकू थूकने के लिए चलती बस का गेट खोलना एक यात्री को महंगा पड़ गया। गेट खोलकर तंबाकू थूकते समय उसका संतुलन बिगड़ गया। वह चलती बस से नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा बल्दीराय थाना क्षेत्र के बीही गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। मृतक की शिनाख्त राम जियावन (58) निवासी छतरीक रोड, चिनहट, लखनऊ के रूप में हुई। बस लखनऊ से आजमगढ़ जा रही थी। दुर्घटना की जानकारी होने पर यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंचे। जानकारी पुलिस को भी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बस चालक हरिश्चंद्र तिवारी ने बताया कि यात्री ने तंबाकू खाकर थूकने के लिए बस का दरवाजा खोला। संतुलन बिगड़ जाने से वह नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उप निरीक्षक रामदेव ने बताया कि मृतक के घरवालों को जानकारी दे दी गई है।

## गांव पहुंचे एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ी

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की अपने गांव में अचानक तबीयत बिगड़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई से डॉक्टरों की टीम उनके गृह जिले सतारा स्थित गांव पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि उनको थकान के चलते बुखार की समस्या हुई है। डॉक्टर जांच कर रहे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए अब एक हफ्ता हो चुका है लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे पर संशय बरकरार है। एकनाथ शिंदे ने अमित शाह से मुलाकात की थी।

## ब्रिटिश राज में पैदा हुए 104 साल के शख्स को आखिर मिल गई जमानत

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। हत्या के दोषी 104 साल के बुजुर्ग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जन्मे रसिक चंद्र मंडल 1988 में की गई एक हत्या के दोषी हैं। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने अपने आदेश में कहा, 'हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता मंडल को रिट याचिका के लंबित रहने के दौरान ट्रायल कोर्ट की शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाए।'
रसिक चंद्र मंडल का जन्म 1920 में मालदा जिले के एक गुमनाम गांव में हुआ था। इसी साल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया था। मंडल ने एक सदी से भी अधिक समय बाद अपनी आजादी के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।
1988 में एक हत्या के मामले में 1994 में दोषी ठहराए जाने के बाद, जब वह 68 साल के थे, और आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। उन्हें उम्र संबंधी बीमारियों के कारण जेल से पश्चिम बंगाल के बालुरघाट के सुधार गृह में ट्रांसफर कर दिया गया था। सजा के खिलाफ उनकी अपील को 2018 में कलकत्ता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, मगर यहां भी उसे निराशा हाथ लगी। कई कानूनी लडाई हारने के बाद उन्होंने अपने 48 वर्षीय बेटे के माध्यम से रिट याचिका दायर की थी। यह मामला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच के समक्ष लिस्टेड हुआ। यहां मंडल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में पूछा गया। इस पर पश्चिम बंगाल राज्य की वकील आस्था शर्मा ने पीठ को बताया कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वह जल्द ही अपना 104वां जन्मदिन मनाएंगे। अदालत ने मंडल की उम्र को ध्यान में रखते हुए अंतरिम जमानत मंजूर कर ली।

## 'केजरीवाल को जलाकर मारने की साजिश थी': आप




नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एक व्यक्ति ने तरल पदार्थ फेंक दिया। आरोपी की पहचान अशोक झा के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बस में मार्शल है। उसने केजरीवाल पर पानी फेंका है। जबकि दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज का दावा है कि केजरीवाल पर स्प्रिट फेंका गया। इसकी कुछ बूंदे उनके ऊपर गिरी हैं। पदयात्रा में अरविंद केजरीवाल के साथ चल रहे दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब उस व्यक्ति को पदयात्रा में मौजूद आप कार्यकताओं ने स्थानीय लोगों के साथ पकड़ा तो उसके एक हाथ में स्प्रिट की बोतल और दूसरे हाथ में माचिस मिली। सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि यह सीधे-सीधे अरविंद केजरीवाल को जलाकर मारने की साजिश है। आरोपी स्प्रिट डालकर और माचिस जलाकर केजरीवाल को मारना चाहता था, लेकिन ऐसा करने से पहले उसको दबोच लिया गया। भारद्वाज ने कहा कि यह बेहद ही चिंता का विषय है। सौरभ भारद्वाज ने कहा ऐसा तीसरी बार हुआ है। उनका आरोप है कि विकासपुरी में इसी प्रकार से पहले केजरीवाल पर हमला हुआ और दिल्ली पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही। नांगलोई में भी भाजपा के लोगों ने हंगामा किया था। शुक्रवार बुराड़ी विधानसभा में भी केजरीवाल पर हमले की कोशिश की गई।

## यातायात माह का समापन

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पर यातायात माह का समापन किया गया। हर वर्ष पूरे प्रदेश में यातायात माह का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में शनिवार को यातायात माह सप्ताह का अंतिम दिन था। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नवम्बर माह में आमजन को जागरूक करने का काम किया गया। शनिवार को उक्त यातायात माह का समापन करते हुए एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे द्वारा यातायात माह के दौरान जागरूक कार्यक्रमों में सहयोग देने वाले विभिन्न विद्यालयों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। एवं सर्वाधिक चालान काटने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। यातायात माह के दौरान विभिन्न विद्यालयों में पोस्टर, बैनर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सीओ ट्रैफिक देवव्रत वाजपेयी, यातायात प्रभारी इन्द्रजीत सिंह, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह, डॉ. राजीव कुमार के अलावा पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## प्रदेश में बिजली के निजीकरण का मामला पीएमओ भेजा गया

लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल बिजली निगम को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल में चलाने की तैयारी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंच गया है। उपभोक्ता परिषद ने पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने दोनों निगमों में केंद्र सरकार से रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में करीब 20415 करोड़ रुपया खर्च कर दिए। अब इन दोनों निगमों को निजी हाथों में देने की तैयारी है। ऐसे में पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि गलत तरीके से रणनीति बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। वहीं, उपभोक्ता परिषद सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल करेगा। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में पावर कॉर्पोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। विभिन्न तथ्यों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया है कि दोनों निगमों में आरडीएसएस योजना के तहत लॉस रिडक्शन व स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना में 20415 करोड़ रुपये खर्च करके इन्हें आत्मनिर्भर बनाने का दावा किया गया है। इसमें 60 प्रतिशत केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार खर्च कर रही है। विद्युत नियामक आयोग में इस योजना के अनुमोदन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यह निगमों को आत्मनिर्भर बनाने की स्कीम है। इसका भार उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उन्होंने सवाल उठाया है कि इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद अब पीपीपी मॉडल पर निजी हाथों में देकर किसे आत्मनिर्भर बनाया जाएगा? उपभोक्ता परिषद ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए लिखा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के क्लस्टर में तीन पूर्वांचल और दो दक्षिणांचल में बनाए गए। अब इसी आधार पर निजीकरण का मसौदा तैयार किया गया है। लॉस रिडक्शन में पूर्वांचल में करीब 4519 करोड़ और दक्षिणांचल में 3798 करोड़ का टेंडर अवॉर्ड किया गया। इसमें 8317 करोड़ खर्च हो चुका है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर में दक्षिणांचल में 4947 करोड़ और पूर्वांचल में 7151 करोड़ का टेंडर अवॉर्ड किया गया जिसमें 12098 करोड़ खर्च किया जा रहा है। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद इसे निजी हाथों में देकर संबंधित कंपनी को उपकृत करने की चाल है। इसलिए पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए।

## 'केंद्र-राज्य के बीच प्रतिस्पर्धी पहलुओं को लेकर बनाना होगा संतुलन': कोर्ट

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ रिश्वत लेने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रतिस्पर्धी मुद्दों के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों की जांच राज्य पुलिस द्वारा की गई है या की जा रही है ऐसे मामलों में प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि संघीय ढांचे में, यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक घटक अपनी पहचान और अधिकार क्षेत्र बरकरार रखे। इस दौरान पीठ ने एक काल्पनिक स्थिति का हवाला भी दिया। अदालत ने कहा कि अगर कोई राज्य केंद्र सरकार के अधिकारियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो इससे संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। ऐसे में अगर यह कहा जाता है कि राज्य के पास गिरफ्तारी की विशेष शक्ति है, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि राज्य पुलिस को उसके अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी मामले की जांच करने की शक्ति से वंचित करना भी ठीक नहीं होगा। सभी दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि हम इन प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के लिए दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करेंगे। इसमें कहा गया है कि हालांकि एक आरोपी जांच में अपनी बात नहीं रख सकता, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है।

## मोदी के समक्ष दिव्या मित्तल करेंगी अपने अनुभव साझा

देवरिया, 30 नवम्बर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को चौथे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में भाग लेने के लिए चुना गया है। वह उत्तर प्रदेश से एकमात्र जिलाधिकारी हैं जिन्हें इस सम्मेलन के लिए चुना गया है और जहाँ वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करेंगी। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन नीति आयोग द्वारा 13 से 15 दिसंबर 2024 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रतिभाग करेंगे और उनके समक्ष जिलाधिकारी विकास और प्रशासनिक नवाचार से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगी। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय मंच के लिए पूरे देश से केवल चार डीएम स्तर के अधिकारियों को चुना गया है। यह चयन उनकी प्रशासनिक दक्षता और सेवा समर्पण को दर्शाता है। गौरतलब है कि चौथा राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन देश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और नीति निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

## अनुपम खेर ने मुंबई के छह खास जगहों का दौरा किया

मुंबई, 30 नवंबर (वार्ता)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने मुंबई के उन छह जगहों का दौरा किया जो उनकी ज़िंदगी और करियर का आधार बनीं। अनुपम खेर ने इस साल हिंदी सिनेमा में 40 शानदार साल पूरे किए और इस मील के पत्थर को उन्होंने अपनी नई फिल्म विजय 69 के प्रचार के दौरान खास अंदाज में मनाया। नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही इस फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है। फिल्म विजय 69 की सफलता का आनंद लेते हुए, अनुपम ने अपने करियर के शुरुआती संघर्षों को याद किया, जब वे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक स्ट्रगलिंग एक्टर के तौर पर अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने मुंबई के छह खास जगहों का दौरा किया, जो उनकी ज़िंदगी और करियर के लिए बेहद अहम हैं। अनुपम ने बताया वर्ष1981 में मैंने बांद्रा ईस्ट, खेरवाड़ी में चार लोगों के साथ रहना शुरू किया। ये मेरे संघर्ष के शुरुआती दिन थे।

## नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद विवाद में मुस्लिम पक्ष ने की बहस

बदायूं, 30 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बदायूं में फास्ट ट्रैक में चल रही नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद विवाद की सुनवाई में आज मुस्लिम पक्ष ने अपनी बहस की लेकिन बहस पूरी नहीं हो पायी और अब तीन दिसंबर को यह बहस जारी रहेगी। यहां नीलकंठ महादेव मंदिर और जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी से जुड़ा विवाद फास्ट ट्रैक कोर्ट में जारी है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार की कोर्ट ने इस मामले में मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद की अगली सुनवाई 3 दिसंबर को निर्धारित की है। यह मामला 2022 में तब शुरू हुआ जब अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल ने दावा किया कि जामा मस्जिद की जगह पहले नीलकंठ महादेव मंदिर था। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी। सरकारी पक्ष और पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में सरकार की ओर से बहस पूरी हो चुकी है।

## विजय पुंडीर बनकर शादी करने वाला जुबैर हुआ गिरफ्तार

सहारनपुर, 30 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर थाना गागलहेड़ी पुलिस ने मुस्लिम से हिंदू बनकर हिंदू लड़की को 22 साल पहले भगाकर शादी करने के आरोपी युवक जुबेर उर्फ विजय पुंडीर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि 16 जून 2022 को थाना गागलहेड़ी पुलिस ने जुबेर पुत्र नसीम निवासी चुडियाला थाना भगवानपुर हरिद्वार के खिलाफ हिंदू नाबालिग लड़की को अपहरण कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। यह युवक पुलिस रिकार्ड में 22 साल से फरार चल रहा था। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने आज उसे थाना गागलहेड़ी के गांव रूणडाली से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक की इसी गांव में ससुराल है। शादी के बाद से ही वह हिंदू बनकर यहां अपनी ससुराल में ही रह रहा था। उसने अपना नाम जुबेर से बदलकर विजय पुंडीर रख लिया था और उसने इसी नाम से अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मेरिज प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड आदि बनवाए हुए थे।

## आप विधायक नरेश बालियान गिरफ्तार

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को जबरन उगाही के एक मामले में गिरफ्तार किया है। विदेश में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से बातचीत का एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद यह गिरफ्तारी की गई। ऑडियो क्लिप में गैंगस्टर व विधायक के बीच व्यापारियों से जबरन वसूली के लेकर बातचीत हो रही है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन ने आप विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों के अनुसार नरेश बालियान पर वसूली का आरोप लगाया है। भाजपा का कहना है कि नरेश बालियान का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि कथित जबरन वसूली मामले में गैंगस्टर से बातचीत का यह मामला एक साल पुराना है। प्राथमिकी नंबर 191 वर्ष 2023 में अपराध शाखा में दर्ज हुई थी। इस मामले में विधायक को शनिवार को पूछताछ के लिए अपराध शाखा के कार्यालय बुलाया गया था। करीब तीन घंटे की पूछताछ के बाद आप विधायक नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर लिया गया।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## उर्दू अदब के शायर महेन्द्र सिंह अश्क का निधन, छाया शोक



नजीबाबाद, 30 नवम्बर (बु.)। भारत के प्रसिद्ध उर्दू शायर महेन्द्र सिंह अश्क ने शनिवार दोपहर तीन बजे नजीबाबाद में अन्तिम साँस ली और इस दुनिया को अलविदा कह दिया। महेन्द्र सिंह अश्क 80 वर्ष के थे। उर्दू शायरी में उनके शार्गिद बड़ी संख्या में हैं। महेन्द्र सिंह अश्क हम्द, नात, मनकबद, गजल के बड़े अच्छे शायर थे। मुशायरों, मजलिसों, महफिलों में उनका बड़ा नाम था। अपनी शायरी की खुशबू लिए उन्होंने ईरान, इराक, पाकिस्तान तक का दौरा किया। देश भर के मुशायरों में उनकी शिरकत होती ही थी। मुजफ्फरनगर भी उनका बहुत आना-जाना रहता था। उनके निधन की खबर सुनकर मुजफ्फरनगर के साहित्यकारों में शोक की लहर है। अब्दुल हक सहर, हसीन हैदर जानसठी, सैफ हैदर, सुनील उत्सव ने उनके निधन पर अफसोस जताया।

## मानस परिवार सुरेन्द्र नगर ने दी बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ को बधाई

### उत्तम गौ सेवा अभियान में दान दिए 11 सौ रुपए

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार की पहल पर समाचार पत्र के संस्थापक स्व. उत्तम चन्द शर्मा की स्मृति में नगरीय क्षेत्र में इधर-उधर सड़कों पर घूम रही निराश्रित, असहाय, बीमार गौवंश की सेवा अभियान में दानवीरों के लगातार जुड़ने का क्रम जारी है। नगरीय क्षेत्र में अभियान के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गौ सेवा के लिए संकल्प के बीच अब तक दानवीरों के सहयोग से जहां एक वाहन शुरू होने जा रहा है, वहीं भविष्य में इस कड़ी में हर घर तक गौ सेवा से जोड़ने को इन वाहनों की संख्या में ओर बढ़ोतरी किए जाने की योजना है। शनिवार को जानसठ रोड स्थित सुरेन्द्र नगर के मानस परिवार की ओर से मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ को पंजाबी समाज समिति का अध्यक्ष बनाने पर बधाई दी गई। सुरेन्द्र नगर में प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक श्री रामचरित्र मानस पाठ करने वाले मानस परिवार ने रामचरित्र मानस के संपूर्ण होने पर मानस परिवार के संरक्षक अरविन्द गुप्ता, सचिव राजेश शर्मा व कोषाध्यक्ष अनित सैनी ने इस बीच उत्तर गौ सेवा अभियान को अपनी ओर से 1100 रुपए दान स्वरूप दिए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3797 दिनांक 12/4/2016 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम शिवाय मित्तल अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी वह इसी नाम से जाना जायेगा। पिता के रूप में अनुज मित्तल के स्थान पर अनुज कुमार वास्तविक नाम अंकित होना अपेक्षित है। माता के रूप में ललिता मित्तल के स्थान पर ललिता गर्ग अंकित होना अपेक्षित है। नाम पंजीकरण /संशोधन हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

अनुज कुमार पुत्र प्रकाश चंद
753/1, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोनू जिसकी उम्र 19 वर्ष है जो अविवाहित है, मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार के साथ मारपीट करता है, इसलिए मैंने अपने पुत्र मोनू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। आज से मेरा व मेरे परिवार का मोनू से कोई मतलब, वास्ता किसी प्रकार का नही होगा। यदि मेरा पुत्र कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है। तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

समन्दर सिंह पुत्र ब्रहम सिंह
म0न0 60, मंढेरा, जिला- मुजफ्फरनगर



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## संभल में बुरी सियासत के सितम

संभल में बुरी सियासत के सितम कई तरह से जारी हैं। शासन-प्रशासन संभल को निकृष्ट राजनीति से बचाने का प्रयास कर रहा है। संभल की जमीन कई दिनों से घटिया सियासत के सितम झेल रही है। समाजवादी पार्टी के कई नेता संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। संभल जिले में पुलिस पर पथराव के बाद माहौल बिगड़ गया था, तभी से संभल की फिजा घटिया सियासत के सितम झेल रही है। यह उपद्रव संभल में स्थित शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुआ। इस उपद्रव को भड़काने के आरोप में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद और विधायक पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया था। संभल जिले को एक 'संवेदनशील क्षेत्र' में बदल दिया गया है। संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी और जनप्रतिनिधि के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पांडिया ने इस बात की घोषणा की कि उन्होंने कहा है कि संभल में न तो किसी बाहरी की एंट्री होगी, न ही कोई सोशल एक्टिविस्ट और नेता यहां 10 दिसंबर तक आ सकेंगे, लेकिन नेता फिर भी संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, बयान दे रहे हैं। संभल में मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए पथराव और उपद्रव के बाद मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में हुई कोर्ट के आदेश के बिना कुछ भी न किया जाए। अभी हम इस याचिका पर कुछ भी नहीं कह रहे हैं, हम इसे पेंडिंग रख रहे हैं, क्योंकि सबसे पहले शान्ति जरूरी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि वह सुप्रीम कोर्ट आने से पहले हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। मस्जिद पक्ष ने स्थानीय कोर्ट के सर्वे के आदेश को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश बताता है कि सबसे पहले शान्ति आवश्यक है। यह आदेश घटिया सियासत को रोकता है और संभल की जमीन को बुरी सियासत के सितम से बचाता है। अब इस मामले पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बयान सामने आया है। ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। संभल की घटना समाजवादी पार्टी के संरक्षित अपराधियों की देन है। उन्होंने आगे कहा कि जो संभल के अपराधी हैं, वो सब समाजवादी हैं। अखिलेश यादव को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। संभल हिंसा मामले में पुलिस ने सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क और शहर के सपा विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सोहेल इकबाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस पुलिस ने भड़काऊ बयानबाजी के आरोपों में दर्ज किया था। मीडिया में कहा जा रहा है कि सपा विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सोहेल इकबाल द्वारा सर्वे की कार्रवाई को बाधित करने के उद्देश्य से यह कहकर लोगों को भड़काया गया कि सांसद जिया उर रहमान बर्क हमारे साथ है। हमलोग तुम्हारा कुछ भी नहीं होने देंगे, अपने मंसूबे पूरे करो। इसके बाद भीड़ उग्र हो गई और पथराव करने लगी थी। सपा नेता माता प्रसाद पाण्डेय को संभल जाने से रोका गया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह गलत है, उनसे जब पत्रकारों ने पुलिस पर पथराव को लेकर सवाल किए, तो उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। इस बात का चर्चा खूब कि भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया, उसके फोटो है, वीडियो हैं लेकिन पथराव पर समाजवादी पार्टी का कोई नेता कुछ नहीं कह रहा है। वहीं संभल की मस्जिद को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। संभल शहर के केंद्र में ऊंचे टीले पर मौहल्ला कोट पूर्वी के भीतर बनी शाही जामा मस्जिद आसपास की सबसे बड़ी इमारत है और ये राष्ट्रीय संरक्षित घोषित इमारत है। हैरान करने वाली बात है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम के यहां घुसने पर ही बवाल होता है। फिलहाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट में मस्जिद के भीतर हुए अवैध निर्माण को लेकर खुलासा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जो कि प्रतिवादी है, उसने रिटन स्टेटमेंट जारी करके मस्जिद में हुए बदलाव, छेड़खानी को डिटेल में बताया है। वादी विष्णु जैन और अन्य हैं। प्रतिवादी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण है, जबकि राज्य सरकार अभी पार्टी नहीं है। डीएम संभल का भी कानून व्यवस्था तक अभी रोल है, वो भी डायरेक्ट पार्टी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई रिपोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की तरफ से मस्जिद के भीतर हुए तथाकथित अवैध निर्माण की जानकारी है। उसके अलावा ये भी जानकारी दी गई है कि कुछ समय पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम को यहां सर्वे करने से भी रोका गया था। रिपोर्ट में ये भी दावा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मेरठ मंडल, मेरठ की टीम की ओर से मस्जिद के मुख्य द्वार से बाइ तरफ एक पुराना कुआं देखा गया, जोकि अब मस्जिद कमेटी और प्रशासन ढक चुका है। कुएं के ऊपर और साथ में सुरक्षा दल के लिए एक बड़े कक्ष का निर्माण कर दिया गया है। बताया जाता है कि इस कुएं का जिक्र ए.फ्यूहरर की किताब में पृष्ठ संख्या 10 पर मिलता है। मस्जिद के भीतर अवैध निर्माण की जो जानकारी रिपोर्ट में दी गई है, उसके अनुसार, मस्जिद की सीढ़ी के दोनों तरफ स्टील की रेलिंग लगी है। 19 जनवरी 2018 में इस अवैध स्टील रेलिंग के नवनिर्माण के संदर्भ में आगरा मंडल ने कोतवाली संभल में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद 23 जनवरी 2018 को पुरात्त्व विभाग, आगरा मंडल ने जिला अधिकारी संभल को रेलिंग ध्वस्त करने का आदेश दिया था, जो अभी लंबित है। इसके अलावा मस्जिद के सेंटर में एक हौज है, जिसका नमाजी इस्तेमाल करते हैं। इस पर पत्थर लगाकर नवीकरण किया गया है। मुख्य द्वार मस्जिद के भीतर आते ही धरातल पर लाल बलुआ पत्थर, संगमरमर और ग्रे नाइट से पुराना फर्श बदलकर नया कर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में मस्जिद को पूरी तरह कमेटी की ओर से इनेमल पेंट की मोटी परतों से पेंट कर दिया गया है। पीओपी का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें मस्जिद का वास्तविक स्वरूप नष्ट हो गया है। यही नहीं, मस्जिद के मुख्य हॉल के गुंबद से लोहे की चेन से वर्तमान में कांच का एक झूमर लगाया गया है। बताया जाता है कि लोहे की इस चेन का वर्णन ए. फ्यूहरर की पुस्तक में भी है। पश्चिम की ओर दो चेंबर, छोटे कमरेनुमा सरंचना और मस्जिद के उत्तरी भाग में एक चेंबर, छोटे कमरेनुमा सरंचना में ही पुरानी छत के वास्तविक अवशेष दिखाई पड़ते हैं। ये कमरे आमतौर पर बंद रहते हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"अहम" "कटुता" "करुणा" "धर्म"

अहम बिल्कुल नहीं चलता, कोई कटुता नहीं चलती।<br>
नमन की राह पर प्यारे निरंकुशता नहीं चलती।।<br>
दया, करुणा, क्षमा रहती है बाकी कुछ नहीं रहता,<br>
कहीं जब धर्म चलता है तो पाखंडता नहीं चलती।












# द एसडी पब्लिक स्कूल में सातवें स्थापना दिवस समारोह धरोहर का भव्य आयोजन





मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बुस.)। द एसडी पब्लिक स्कूल (द्वारिका सिटी, जानसठ रोड) द्वारा संस्था के स्थापना दिवस को एक पर्व के रूप में मनाए जाने की परंपरा रही है। इस परंपरा को अग्रसर करते हुए शुक्रवार 29 नवंबर 2024 को विद्यालय-प्रांगण में सातवें स्थापना दिवस समारोह धरोहर का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समस्त जनमानस को भारत की समृद्ध विरासत, संस्कृति और शाश्वत मूल्यों से अवगत कराना था। अतिथि देवो भवः की संस्कृति का निर्वहन करते हुए विद्यालय सचिव आकाश कुमार, सपना जी, निर्देशिका चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा विशिष्ट अतिथिमाननीय निरंकार स्वरूप, अध्यक्ष, द एसडी कॉलेज एसोसिएशन का स्वागत बुके देकर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा विद्यालय संस्थापकों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य एवं नाट्य कला के माध्यम से भारत की अविस्मरणीय एवं कालातीत गौरव गाथा का साक्षात्कार कराते हुए उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या नीलम माहना ने उपस्थित सभी अतिथिगण एवं अभिभावकगण का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय सचिव आकाश कुमार एवं निर्देशिका चंचल सक्सेना द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शैक्षिक सत्र 2023-24 में दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा तथा विद्यालयी परीक्षा में कक्षानुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों क्रमशः अंगद चौधरी, नित्या जैन, भावी गर्ग, अक्षज गुप्ता, यशस्वी मदान, अगन्या गर्ग, ध्रुवी जैन, दिव्यांश बिष्ट, स्नेहा कौशिक, सृष्टि चौधरी, कार्तिक गोयल, भव्या राजवंशी, राधा तायल, शिवांगी गर्ग, प्रियांशी चौधरी, दीया गुप्ता, सिमरनजीत कौर, अनंत जिंदल को एकेडेमिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के आधार पर अभिनव गर्ग (12-ए1) एवं अदिति सोनी (12-ए2) को श्रेष्ठ विद्यार्थियों के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही सीबीएसई द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन चेस प्रतियोगिता अंडर-आईआई कैटेगरी के अंतर्गत अली रहमान, रुद्राक्ष बालियान, काव्यांश एवं अपूर्व शर्मा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया गया। विद्यालय की इंटर हाउस गतिविधियों के आधार पर कृष्णा हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय सचिव आकाश कुमार ने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों को प्रोत्साहित करने में अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, विनोद संगल, सुभाष स्वरूप, जीसी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आजादवीर सिंह, डीएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गगन शर्मा, जेवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वचन सिंह वर्मा आदि की गरिमापूर्ण उपस्थित रही।





# टैक्स बार एसोसिएशन ने वरिष्ठ वकीलों का किया सम्मान

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने किया दीप प्रज्ज्वलित**



मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बुस.)। अमरकांत गुप्ता एडवोकेट चेयरमैन कार्यक्रम द्वारा बताया गया कि नगर के सर्कुलर रोड स्थित एक होटल में डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएशन (रजि.) का गोल्डन जुबली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदीप यादव, सदस्य वाणिज्यकर अधिकरण तथा अतिथि सौरभ सिंह गहलोत, अध्यक्ष यूपी टैक्स बार एसोसिएशन, वाराणसी द्वारा की गयी। कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने प्रतिभाग किया व दीप प्रज्ज्वलित किया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से अधिवक्ताओं द्वारा भाग लिया गया। सेमीनार के मुख्य विषय इनपुट टैक्स क्रेडिट तथा पेनलटीस अंडर जीएसटी रहे। उक्त विषयों पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शुभम अग्रवाल व कानपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार गुप्ता द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला गया, जिसकी सेमीनार में पधारे अधिवक्ताओं द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी तथा सभी अधिवक्ताओं का जीएसटी विषय पर ज्ञानवर्धन हुआ। इस उपलक्ष्य में बार की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सोविनियर ज्ञानार्जन का विमोचन किया गया। आर.के. मलिक द्वारा बार के 50 वर्ष के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। सायंकालीन सत्र में टैक्स बार संघ के 50 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 25 वर्ष की वकालत पूर्ण कर चुके 29 अधिवक्ताओं व 50 वर्ष की वकालत पूर्ण कर चुके 2 अधिवक्ताओं आर.के. मलिक व शिवकुमार अरोरा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया तथा सभी सदस्यों को सम्मान चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गायक सतपाल तथा अधिवक्ता मुकेश लाल द्वारा मधुर बांसुरी-वादन से सभी का मनोरंजन किया गया। अंत में बार संघ के अध्यक्ष सुरेश चन्द अग्रवाल द्वारा समारोह में पधारे सभी अधिवक्ताओं का ह्रदय से आभार प्रकट किया गया।

आवश्यकता है
एक रिसेप्शनिस्ट लड़की एवं एक कम्पाउंडर लड़के की
वेतन योग्यतानुसार
समय- सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक
तुरन्त मिलें
डा. राहुल शर्मा
सन्त होम्योपैथिक क्लीनिक
गंगाराम हॉस्पिटल के बराबर में सदर बाजार, मुजफ्फरनगर, M.9837708432

आवश्यकता है
सेल्समैन और शोरूम मैनेजर एवं रिसेप्शनिस्ट और ड्राईवर की
सैलरी 8000 से 11000 प्लस
अर्जुन इंटरप्राइजेज
गोदावरी इलेक्ट्रॉनिक्स
(E BLUE Private Limited)
रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
M. 7060044323

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो
मिलने का समय :- प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# शिवसेना ने घेरी कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के महंत चिन्मय दास की हुई गिरफ्तारी के विरोध में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना के प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत दर्जनों कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पर पहुंचे और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से बांग्लादेश पर बल प्रयोग करते हुए वहां के हिंदुओं की रक्षा करने को मंदिर के महंत की रिहाई की मांग की। शिवसेना नेता मनोज सैनी व डॉ. योगेंद्र शर्मा ने इस दौरान कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है और वहां मंदिरों में पुजारी पर भी अत्याचार हो रहे हैं। इस्कॉन मंदिर के महंत चिन्मय दास की गिरफ्तारी इसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश में मुस्लिम आतंकवादियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होने पर विश्व के अनेक देश व भारत के भी बहुत से नेता मानवाधिकार हनन का शोर मचाने लगते हैं, लेकिन बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन में कोई नहीं बोला। यहां तक कि भारत में सरकार भी कोई कठोर कदम नहीं उठा रही है। ऐसे में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि बांग्लादेश के खिलाफ सभी बल प्रयोग करके वहां के हिंदुओं की रक्षा करें और इस्कॉन मंदिर के महंत को रिहा कराया जाए। इसके साथ ही देश में रहने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाए। इस दौरान मुख्य रूप से लोकेश सैनी, प्रमोद अग्रवाल, राजेश कश्यप, अवनीश चौहान, संजय गोयल, आशीष शर्मा, अमरीश त्यागी, सचिन जोगी, मोनू चौधरी, सनी वर्मा, मोनू, भारत राजपूत, पुष्पेंद्र सैनी, संजीव शास्त्री, अर्जुन पंडित, संजीव सैनी, अमर दीप काकरान आदि उपस्थित रहे।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: मुंबई पुलिस ने 26 आरोपियों पर लगाया मकोका

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसी)। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई पुलिस ने 26 आरोपियों पर मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगाया। इस मामले में अभी भी तीन आरोपी वांछित हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि बाबा सिद्दीकी को 12 अक्तूबर की रात उनके बेटे और कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी के ऑफिस से बाहर निकलने के दौरान गोली मारी गई थी। जिसके बाद लीलावती अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने 1999 में मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) बनाया था। इसका मुख्य मकसद संगठित और अंडरवर्ल्ड अपराध को खत्म करना था। 2002 में दिल्ली सरकार ने भी इसे लागू कर दिया। फिलहाल महाराष्ट्र और दिल्ली में यह कानून लागू है। इसके तहत संगठित अपराध जैसे अंडरवर्ल्ड से जुड़े अपराधी, जबरन वसूली, फिरौती के लिए अपहरण, हत्या या हत्या की कोशिश, धमकी, उगाही सहित ऐसा कोई भी गैरकानूनी काम जिससे बड़े पैमाने पर पैसे बनाए जाते हैं, मामले शामिल है।

# बिजली निजीकरण आंदोलन में देंगे कर्मचारियों का साथ : राकेश टिकैत



मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हाल ही में यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा गन्ने के मूल्य को लेकर जो हर वर्ष मूल्य न बढ़ाने का बयान दिया, वह बड़ा निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों में हताशा होती है, वहीं जिम्मेदार मंत्री को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी ऐसे कई शुगर मिल ग्रुप हैं, जिनका भुगतान विलंब से है। जबकि सरकार के पेपर वर्क में सभी का भुगतान हो चुका है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि नैनो यूरिया नामक उर्वरक सरकार ने बाजार में उतार दिया है, जिसे किसान के लिए लेना जरूरी कर दिया है। जानकारी मिली है कि नैनो यूरिया की फैक्ट्री सरकार के बड़े मंत्री की है, पर इसकी कोई पुख्ता जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान संगठन के जो लोग उनकी संपत्ति पर सवाल उठा रहे हैं, उसकी भी जांच सरकार को कर लेनी चाहिए और यदि उनके पास कथित संगठन के नेताओं द्वारा बताई गई नाजायज संपत्ति है तो उसका 10 प्रतिशत जानकारी देने वाले को और 30 प्रतिशत टैक्स रूप में सरकार को और बाकी हमें दे दो। संभल हिंसा पर मीडिया के सवाल पर भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि अभी देश में कई और संभल बनेंगे, क्योंकि फोर्स की मजबूरी है सरकार के आदेशों का पालन करना। उन्होंने कहा कि सरकार पुराने धार्मिक स्थलों पर टीका-टिप्पणी करती रहेगी, क्योंकि उनका वोट बैंक ऐसे ही कार्यों से निकलता है। उन्होंने यूपी में बिजली के बारे में अपनी राय रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बिजली अमेंडमेंट बिल को पास करने के चक्कर में है और बिजली को निजीकरण के दायरे में लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी इस निर्णय के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं हमारा संगठन आंदोलन में उनके साथ है। राकेश टिकैत ने कहा कि राइट टू एजुकेशन राइट टू हेल्थ का मुद्दा पूरे जोर-शोर से शुरू किया जाएगा और इसकी शुरूआत बाराबंकी जिले से की जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष नवीन राठी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष जहीर फारुकी, वेस्ट यूपी महासचिव योगेश शर्मा, अशोक घटायन, शक्ति सिंह, पीयूष पंवार आदि मौजूद रहे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने को तैयार पीसीबी

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)। पीसीबी अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने के लिए तैयार है, लेकिन उसने आईसीसी के समक्ष के अहम शर्त रख दी है। आईसीसी और सदस्य देशों के बीच शुक्रवार को वर्चुअल बैठक हुई थी जिसमें क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने पीसीबी को अल्टीमेटम दिया था। आईसीसी ने पाकिस्तान बोर्ड से कहा था कि यह तो वह चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर करने के लिए तैयार हो जाए या फिर टूनामेंट से बाहर होने के लिए तैयार रहे। चैंपियंस ट्रॉफी को होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं है, लेकिन अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं हो सका है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सुरक्षा का हवाला देते हुए इस टूनामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर आयोजित किए जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि, अब तक पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार करता आया है, लेकिन अब उसके सामने ज्यादा विकल्प बचे नहीं है।

## दरगाह विवाद में पैरोकार को कनाडा से मिली सिर कलम करने की धमकी



लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)। अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर मामले में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने फोन पर कहा कि तेरा सर कलम कर दिया जाएगा, गर्दन काट दी जाएगी। तूने अजमेर दरगाह का केस फाइल करके बहुत बड़ी गलती कर दी। जानकारी के अनुसार विष्णु गुप्ता को दो अलग-अलग नंबरों से धमकी दी गई। इनमें से एक कॉल कनाडा और दूसरा भारत से आया है। धमकी भरे फोन कॉल के बाद गुप्ता ने तुरंत नई दिल्ली के बाराखंबा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विष्णु गुप्ता ने धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम ऐसे धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम कानून के दायरे में रहकर काम कर रहे हैं और कोर्ट जाना हमारा अधिकार है। अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर था, है और रहेगा। हम अपने मंदिरों को वापस लेने के लिए न्यायालय के माध्यम से संघर्ष जारी रखेंगे। अजमेर दरगाह में महादेव मंदिर होने के दावे पर विष्णु गुप्ता ने अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट मोचन महादेव मंदिर को तोड़कर वहां दरगाह बनाई गई। इस मामले में अदालत ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 20 दिसंबर 2024 को सुनवाई की तारीख तय की है।

# जनसेवा केंद्र संचालक से मारपीट कर 25 हजार व मोबाइल लूटा



खतौली, 30 नवम्बर (बु.)। एक जनसेवा केंद्र के संचालक से कुछ युवकों पर मारपीट करके मोबाइल फोन और नगदी लूट ली। पीडित ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की हैै। दूसरी ओर पुलिस मामला रुपयों के लेनदेन का विवाद बता रही है। सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगढांग निवासी संजीव कुमार पुत्र मंगल सिंह ने कस्बे के रेलवे रोड पर जनसेवा केंद्र खोल रखा है। संजीव ने बताया कि शुक्रवार को उसके जनसेवा केंद्र पर मनीष पाल निवासी ग्राम मढ़करीमपुर ने आकर एग्जाम फार्म भरवाया। फार्म भरने की फीस मांगने पर मनीष पाल ने झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान मनीष पाल ने अपने चार परिचित युवकों को मौके पर बुलाकर उसके साथ मारपीट की। भीड़ एकत्रित होते देख हमलावर युवक उसका मोबाइल फोन व गल्ले से लगभग पच्चीस हजार की नगदी निकालकर ले गए। संजीव का आरोप है कि फरार होने से पहले मनीष पाल ने थाने में तहरीर देने पर जान से मारने की धमकी दी है। संजीव के सूचना देने पर पुलिस ने मौके पर आकर मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित संजीव ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की है। पीड़ित संजीव से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

# सफाईकर्मियों ने रोके कंपनी के कूड़ा वाहन, किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण के अनुबंध के आधार पर काम कर रही दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी के कर्मियों की कामबंद हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रहने से स्थिति खराब हो रही है। शनिवार में कंपनी के प्राइमरी सैक्शन में काम करने वाले हड़ताली कर्मचारियों ने बड़े कूड़ा वाहनों पर भी अपना कब्जा जमा लिया और पार्किंग से इन वाहनों को नहीं निकलने दिया। दो माह का वेतन दिए जाने समेत अन्य मांगों के समाधान की मांग को लेकर कामबंद हड़ताल पर अड़े कर्मियों ने वेतन मिले बिना काम पर लौटने से इंकार कर दिया है। कंपनी अधिकारियों के साथ नगर मजिस्ट्रेट और पालिका अफसर भी इनके बीच पहुंचे, लेकिन घंटों के प्रयास बेकार साबित हुए और हड़ताल यूं ही जारी रही।

नगरपालिका परिषद् क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में शुरू कवायदों को दिल्ली कंपनी एमआईटूसी का मैनेजमेंट भारी साबित हुआ। कंपनी तय शर्तों के अनुरूप काम न करने के साथ अपने कर्मियों को वेतन भुगतान कराने में भी विफल साबित हुई, जिसके चलते एक माह में 10 दिन से अधिक हड़ताल में बीत गए। अपने वेतन को लेकर बीते 5 दिनों से



हड़ताल पर चल रहे कंपनी कर्मियों ने आक्रोशित होकर शनिवार प्रातः छह बजे रुड़की चुंगी स्थित कंपनी पार्किंग में पहुंचकर सेकेंड्री सेक्शन में लगे बड़े कूड़ा वाहनों पर कब्जा करते हुए डलावघरों से कूड़ा उठाने के लिए नहीं निकलने दिया। इससे कंपनी में हड़कम्प मच गया। इस बीच कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह और सेकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। वहीं प्रदर्शनकारी कर्मियों ने पार्किंग के गेट पर जेसीबी के आगे धरना शुरू कर दिया। घंटों तक हंगामा चलता रहा। बाद में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार तथा मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश गोलियान भी कर्मचारियों के बीच पहुंचे। इन कर्मचारियों से घंटों तक वार्ता हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला। कंपनी परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने बताया कि चालक और हैल्पर सहित करीब 150 कर्मियों को कंपनी ने 5-5 हजार रुपये अक्टूबर माह के वेतन से भुगतान कर दिया। शेष भुगतान सोमवार में करा दिया जायेगा, लेकिन कर्मचारी पूरा ही वेतन मांगने पर अड़े रहे। नगर मजिस्ट्रेट व पालिका अधिकारी भी मान मनौवल के बाद बात न बनने पर वापस लौट गये। कर्मचारी वहीं धरने पर बैठे रहे। इस दौरान मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, आजाद, बाबू, अंकित सूद, अश्वनी वाल्मिकी, गौरव सूद, मौहम्मद नावेद, दीपक कुमार, संजय बौद्ध, रोहित कुमार, आशीष कुमार, मोहित कुमार, अजीत, सुशील समेत दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे।

### वेतन के साथ नहीं मिला अभी पीएफ भी, हटाने की धमकी

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** पालिका संग सफाई कार्य कर रही एमआईटूसी कंपनी के लोग काम कर रहे कर्मियों को अब समझाने के बजाये धमकाने में विश्वास कर रहे हैं। शोषण के खिलाफ जो आवाज उठा रहे हैं, उसे नेता बताकर नौकरी से ही निकाला जा रहा है, ऐसा आरोप शनिवार को प्रदर्शन के दौरान कर्मी जितेन्द्र, आशीष, आजाद, अंकित, अश्वनी व सोनू आदि ने लगाया। उनका कहना है कि अभी तक कंपनी ने कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट नहीं बनाये, ईएसआई कार्ड भी नहीं दिया जा रहा है, जबकि वेतन से पीएफ राशि करीब 1500 रुपये प्रतिमाह काटी जा रही है। इसमें भी कंपनी धांधली कर रही है।

### पुलिस दखल से हटे कर्मियों का धरना, निकाले तमाम वाहन

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने में विफल साबित हुई एमआईटूसी कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ अब पुलिस बल का प्रयोग करने लगे हैं। शनिवार को रूड़की रोड पर कंपनी की पार्किंग पर बड़े कूड़ा वाहन कब्जाने वाले कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ बात न बनती देखकर पुलिस का इस्तेमाल किया गया। दोपहर बाद कंपनी के सेकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह ने वाहन न निकलने पर पुलिस को मौके पर बुलाया। अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर पहुंचे रुड़की चुंगी इंचार्ज मोहित कुमार ने वहां वाहनों के सामने धरना दे रहे कर्मियों को हटवाया। कुलदीप का कहना है कि ये कर्मी उनके सैक्शन के ही नहीं हैं, उनके सैक्शन के सभी कर्मचारियों का वेतन अपडेट है, तो ऐसे में उनका काम रोकना गलत है। इसलिए ही उन्होंने अपने वाहन निकालने के लिए पुलिस का सहयोग लिया। दोपहर बाद निकाले इन वाहनों से डलावघरों से कूड़े का निस्तारण किया गया।



### आरोप निराधार, आज किया आठ लाख रुपए का भुगतान

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने में विफल साबित हुई एमआईटूसी कंपनी की फजीहतों के बीच आरोपों का खंडन करते हुए कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने बताया कि सफाई कर्मियों द्वारा लगाए आरोप गलत हैं। कंपनी की ओर से अप्रैल तक का पीएफ कर्मियों को दिया जा चुका है। सितम्बर तक का पीएफ 25 दिसम्बर तक देने का उन्हें आश्वासन दिया है। वहीं अक्टूबर का वेतन 2 दिसम्बर व नवम्बर का वेतन 15 दिसम्बर तक भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राइमरी सेक्शन में कर्मचारियों का वेतन करीब 35 लाख रुपये बैठता है, इसमें करीब 8 लाख का भुगतान आज किया गया है।

## दो सगे भाई समेत तीन की हादसे में मौत

**सहारनपुर, 30 नवंबर (एजेंसी)।** नकुड़ क्षेत्र में खेड़ा अफगान-फंदपुरी के बीच ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दो सगे भाई समेत तीन की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई, जिसे अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसा शनिवार करीब साढ़े चार बजे हुआ। गंगोह के मोहल्ला अलीपुरा निवासी शोएब, एहसान बाइक पर सहारनपुर से अपने घर जा रहे थे। उनके साथ दो साल की आयत एवं उसकी मां भी बाइक पर बैठी थी। खेड़ा अफगान-फंदपुरी के बीच मच्छरहेड़ी गांव के पास पीछे से ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर बाइक से चारों नीचे गिर गईं। इसमें शोएब, एहसान और आयत की मौत हो गई, जबकि आयत की मां को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना का पता लगते पर पुलिस भी आ गई। भीड़ को देखकर ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कार ने टेंपो में मारी टक्कर, पांच की मौत, छह की हालत नाजुक

**श्रावस्ती, 30 नवंबर (एजेंसी)।** शनिवार को नेशनल हाईवे-730 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को अस्पताल भेजा। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर तिराहे पर हुआ। बस्ती जिले के थाना सोरहा अंतर्गत नव्वागांव निवासी विजय चौधरी (32) पुत्र रामअचल अपनी एसयूवी कार यूपी 51 एआर 3569 बनवाने के लिए बहराइच लाया था। जहां से शनिवार को वह वापस लौट रहा था। इस दौरान कार गांव का ही सोहराब (42) पुत्र सफीउल्लाह भी था। जैसे ही विजय कार लेकर बौद्ध परिपथ स्थित इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर पहुंचा। तभी रफ्तार काफी तेज होने के कारण अचानक सामने जा रही टेंपो को देख नियंत्रण खो बैठा। इससे कार अनियंत्रित हो आगे जा रही टेंपो से टकरा गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार व टेंपो मार्ग किनारे करीब दस फीट दूर खड्ड में जा गिरा।

## गर्लफ्रेंड की जरुरत पूरी करने के लिए किया बुजुर्ग का कत्ल, बॉडी पर 35 से अधिक चाकू के निशान

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के सबसे पॉश इलाकों में एक पंचशील पार्क में बुजुर्ग रोहित कुमार अलख (64) की हत्या मामले में नया खुलासा सामने आया है। आरोपी चार घंटे पीड़ित के घर में छिपा रहा और उसने सात घंटे में वारदात को अंजाम दिया। उसने वारदात के लिए तीन से चार बार रेकी थी। वह अपनी महिला दोस्त को दिल्ली की अच्छी कॉलोनी में 35 से 40 हजार रुपये महीने का किराए पर मकान दिलाना चाहता था। महिला दोस्त दक्षिण दिल्ली के एक बड़े माल में काम करती है। बुजुर्ग व उनके दोनों बेटों के पास अमेरिका की नागरिकता है। छोटा बेटा कुछ वर्ष पहले ही अमेरिका से आया था। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बुजुर्ग रोहित ने अपनी इमारत की तीसरी मंजिल किराए पर दे रखी थी। यहां कोई ऑफिस था। आरोपी अभय इसी ऑफिस में काम करता था। इस कारण वह बुजुर्ग के घर के बारे में जानकारी रखता था। उसे पता था कि ग्राउंड फ्लोर पर बुजुर्ग अकेले रहते हैं। उसे ये पता नहीं था कि उनका छोटा बेटा अमेरिका से वापस आ गया है। उसने वारदात के लिए तीन-चार बार रेकी की। वारदात वाली रात वह रात को 12 बजे मेन गेट से कूदकर अंदर घुस गया। इसके बाद वह कोठी के पिछले हिस्से में जाकर छिप गया। वह बुजुर्ग के मूवमेंट पर नजर रखता रहा। सुबह चार बजे उसने रोहित कुमार के बैडरूम में घुसकर लॉकर से सामान चुराने का प्रयास किया। तभी वह जग गए। उन्होंने उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बार आरोपी युवक ने चाकू से बुजुर्ग पर हमला दिया। आरोपी ने उन पर चाकू से 35 से ज्यादा वार किए।

## भाजपा ने जान बूझकर दंगा कराया; लोगों को बांटना चाहते हैं, संभल की घटना पर बोले शिवपाल यादव

**मेरठ, 30 नवंबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि संभल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दंगा कराया है और जानबूझकर कराया है. ये प्रदेश में अमन चैन नहीं रहने देना चाहते हैं। हिंदू मुस्लिम करके भारतीय जनता पार्टी के लोग बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर लड़े थे। अब यह सभी को अलग करना चाहते हैं। अगर सभी अल्पसंख्यक लोगों को यह बांटने का काम करेंगे तो ये देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संघर्ष करेगी। आंदोलन करेंगे और देश को बंटने नहीं देंगे। उपचुनाव में शासन और प्रशासन ने वोटों की लूट की है। बेईमानी की है। इनसे लड़ेंगे। शिवपाल यादव शनिवार को मुजफ्फरनगर जा रहे थे। इसी दौरान मेरठ के परतापुर क्षेत्र में काशी टोल प्लाजा पर सपा समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की।

## मंडप से अगवा कर हाथ के कड़े से वार कर ले ली जान

**मेरठ, 30 नवंबर (एजेंसी)।** भावनपुर थाना क्षेत्र में दतावली रोड स्थित विवाह मंडप से अगवा कर भोपाल विहार के रोहित सिंह की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगेतर को गाली देने पर किनानगर के रोहित राजपूत ने अपने दोस्त शिवम जाट के साथ मिलकर हाथों में पहने कड़ों से उसके चेहरे और सिर पर कई वार कर मार डाला। इसके बाद चेहरा बिगाड़ने के लिए जूतों से कुचला और फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# कांवड़ पटरी मार्ग पर नहर में गिरा मुजफ्फरनगर आता ट्रक, चालक की मौत

मेरठ, 30 नवंबर (एजेंसी)। सरधना में चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर सलावा के पास एक गत्ता लदा कैंटर बैरियर तोड़कर गंगनहर में पलट गया। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान कैंटर चालक की मौत हो गई। जबकि कैंटर को तेज पानी के बहाव के चलते बाहर नहीं निकाला जा सका है। अनुज कुमार पुत्र रामभवन निवासी गांव चकपिन्हा जिला कौशांबी ने बताया कि वह अपने ही गांव निवासी सतीश पाल 22 वर्ष पुत्र महेश पाल के साथ कैंटर चलाता है। वह बृहस्पतिवार की रात गुड़गांव से अलग-अलग कैंटर में गत्ता लादकर मुजफ्फनगर जा रहे थे। अनुज ने बताया कि शुक्रवार को वह सुबह पांच बजे मुजफ्फनगर पहुंच गए थे। जबकि साथ अपने कैंटर में चल रहा सतीश मुजफ्फरनगर नहीं पहुंचा था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जीपीएस के माध्यम से लोकेशन देखी गई। जीपीएस के अनुसार कैंटर चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर सलावा के पास की लोकेशन सामने आई। कुछ घंटे बाद सतीश को कॉल की तो मोबाइल बंद जा रहा था। जबकि कैंटर की लोकेशन फिर भी पहले के ही स्थान पर दिखाई दी। तभी सभी साथी सतीश की तलाश में लोकेशन के आधार पर चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर पहुंचे। करीब चार बजे सरधना थाने की सीमा के पास सलावा में गंगनहर में कैंटर डूबा हुआ दिखाई दिया। अन्य चालकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कैंटर से चालक को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने साथी चालकों से पूछताछ कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की जांच के अनुसार बताया गया कि सतीश अविवाहित था। उसका बड़ा भाई गोरेलाल है। हादसे के संबंध में परिवार को सूचना दे दी है। वहीं, दूसरी तरफ से सलावा पुलिस के रात से गश्त के बाद भी उनको नहर में पड़ा कैंटर नहीं दिखा, जिससे पुलिस की लापरवाही सामने आई है। सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल का कहना है कि हादसे के संबंध में मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

## आग के तांडव से बेघर हुए 24 परिवार : झोपड़ियां जलकर राख

**गाजीपुर, 30 नवंबर (एजेंसी)।** गाजीपुर जिले के भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर नई बस्ती में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लगने से 14 परिवारों की 24 झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। इस दौरान सिलिंडर फटने से सामान निकाल रही एक महिला की झुलसकर मौत हो गई। 2.15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना पर मुहम्मदाबाद एसडीएम और तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचे। साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल राशन, कंबल और प्लास्टिक तिरपाल उपलब्ध कराया गया। गंगा कटान के चलते विस्थापित सेमरा गांव के 35 परिवारों को शेरपुर नई बस्ती में आठ बीघा भूमि खरीद कर बसाया गया है। यहां विस्थापित परिवार झोपड़ी डालकर रहते हैं। शनिवार को गांव के लोग खेत में मिर्च तोड़ने गए थे। इसके कुछ देर बाद ही बस्की में धुआं उठता देख लोग गांव की तरफ दौड़ पड़े।

# केजरीवाल पर पानी फेंका, कहा भाजपा करा रही हमले

**भाजपा बोली- खुद हमले का ड्रामा कर रहे केजरीवाल, 35 दिन में तीसरा हमला**

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर हमला हो गया। पदयात्रा के दौरान उन पर एक व्यक्ति ने कोई तरल पदार्थ फेंक दिया। हालांकि वहां तैनात सुरक्षा टीम ने उसे तुरंत पकड़ लिया। वारदात के बाद एकदम से राजधानी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। दिल्ली में होने वाले विधानसभा के मद्देनजर आप और बीजेपी के बीच आरोपों का दौर शुरू हो गया। घटना के बाद आप इल्जाम लगाते हुए इसके पीछे भाजपा का हाथ बताया। साथ ही उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर सवाल करते हुए कहा कि उनसे दिल्ली में कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। इस हमले के बाद अब ये जग जाहिर हो चुका है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस हमले को लेकर ट्विटर पर लिखा, आज दिन दहाड़े भाजपा के कार्यकर्ता ने अरविंद केजरीवाल पर हमला किया। दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। भाजपा वालों, दिल्ली के लोग ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेंगे। पिछली बार आठ सीटें आई थीं, इस बार दिल्ली वाले भाजपा को जीरो सीट देंगे। घटना के बाद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में इन दिनों सीनियर-सिटिजन, महिलाएं, व्यापारी, हर वर्ग के लोग अपराधों का शिकार हो रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह जी कोई एक्शन नहीं ले रहे। आप ने कहा कि यह बीते 35 तीन में तीसरा हमला है। इससे पहले 25 अक्तूबर को विकासपुरी, 27 नवंबर को नांगलोई और आज 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश में हमला हुआ है।

### भाजपा हारने लगी तो जान से मारेंगे?

मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर लिखा, लिखा भाजपा हारने लगी तो जान से मारेंगे? साथ ही अशोक कुमार झा की फोटो शेयर की है। इसके अलावा उन्होंने लिखा, आज दिन दहाड़े भाजपा के कार्यकर्ता ने अरविंद केजरीवाल पर हमला किया। दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। भाजपा वालों दिल्ली के लोग ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेंगे। पिछली बार 8 सीटें आयीं थीं, इस बार दिल्ली वाले भाजपा को जीरो सीट देंगे।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा भाजपाइयों को दिखाई गयी साबरमती रिपोर्ट





**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** संगठन के दिशा-निर्देशन पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा सभी भाजपाईयों को माया पैलेस में "द साबरमती रिपोर्ट" फिल्म दिखाई गई। मंत्री कपिल देव ने कहा कि 27 फरवरी 2002 अयोध्या से कारसेवा करके वापस आते हुए गुजरात के गोधरा स्टेशन पर एक विशेष मजहब की उग्र भीड़ ने कारसेवकों पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जलाया गया, जिसमें 59 लोगों की मृत्यु और 48 कारसेवक घायल हो गए। सोची-समझी साज़िश को एक दुर्घटना का नाम देकर कैसे देश से सच्चाई छुपाई गई।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उस समय के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करने के लिए अनेकों तरह के दवाब बनाए गए और जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री को 20-20 घंटे तक जांच के लिए बैठकर रखा गया। विशेष अदालत ने 11 को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई और न्याय की जीत हुई। अब देश की जनता सब देख रही है और भाजपा सरकार की विकसित भारत की प्रतिबद्धता को बल प्रदान कर रही है। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ पूर्व विधायक सुशीला अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, विजय शुक्ला, रामकुमार सहरावत, रोहताश पाल, सुनील दर्शन, बिजेंद्र पाल, संजय गर्ग, विशाल गर्ग, देशबंधु तोमर, सभासद रजत धीमान नवनीत कुच्छल, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, प्रशांत चौधरी और सभासदों के साथ चारों मंडल अध्यक्ष पंकज माहेश्वरी, हरेंद्र पाल, कपिल त्यागी, दीपक मित्तल के साथ अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गैर इरादतन हत्या के दो व गैंगस्टर का एक गिरफ्तार

**जानसठ, 31 नवम्बर (बु.)।** गैर इरादतन हत्या के मामले में जानसठ पुलिस ने दो व गैंगस्टर के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गांव घटायन के जंगल में गत पांच नवंबर को शिवम निवासी फुगाना की डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीओ यतेंद्र नागर ने बताया कि आरोपित हिमांशु उर्फ गोलु पुत्र सुशील शर्मा व मोंटु उर्फ मनीष पुत्र नरेश निवासीगण गांव दादुपुर थाना फलावदा जनपद मेरठ व उम्मीद आलम पुत्र काजिम उर्फ कासिम निवासी गढ़ी जानसठ को गैंगस्टर की धारा में गिरफ्तार किया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर चलने वाली मेमू पैसेंजर 1 से 28 फरवरी तक रद्द



**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** सुबह के समय दिल्ली जाने वाले यात्रियों और नियमित सवारियों को अब एक और दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। सहारनपुर से चलकर सुबह 5:20 पर मुजफ्फरनगर व वापसी में दिल्ली से सहारनपुर जाने के लिए 7:45 पर मुजफ्फरनगर पहुंचने वाली मेमू पैसेंजर लम्बे समय तक के लिए रद्द कर दी गयी है। उक्त पैसेंजर गाड़ी 1 दिसम्बर से 28 फरवरी तक के लिए रद्द की गयी है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार के अनुसार इसका कारण कोहरा बताया गया है।

# संभल जाते सपा सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा को रोका

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर सपा नेताओं के दल को पुलिस ने रोक लिया। सपा के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक और सांसद जिया उर्र रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और इकरा हसन को रोक दिया गया। सपा के दल संभल जाने के ऐलान के बाद हाईवे पर पुलिस सख्ती से चेकिंग के बाद ही गाड़ियों को निकलने दे रही है। हापुड़ में संभल जा रही केराना सांसद इकरा हसन को पुलिस अधिकारियों ने समझा कर टोल प्लाजा से वापस भेजा।

दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार, संसद सदस्य को भारत सरकार के कैबिनेट सचिव से ऊपर होता है। दुर्भाग्य से, हमें एसीपी से बातचीत करने से रोक दिया गया। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है (कि पुलिस ने हमें रोका है)। जब सर्वेक्षण किया जा रहा था (शाही जामा मस्जिद में) तो यूपी पुलिस को धैर्य रखना चाहिए था... अब जब हम शांति की अपील करने और लोगों का हालचाल पूछने (संभल) जा रहे हैं, तो वे हमें रोक रहे हैं। सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि "उन्होंने (यूपी पुलिस) हमें जबरन रोका और जाने नहीं दे रहे हैं। जनता को बहुत असुविधा हो रही है। हम इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे कि वे किस तरह संविधान का अपमान कर रहे हैं... अब हम वापस दिल्ली जा रहे हैं और हम इस मुद्दे को संसद में जोरदार तरीके से उठाएंगे" सपा प्रतिनिधिमंडल के संभल दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि "भारी पुलिस लगा दी गई है। जिन पांच लोगों की हत्या हुई है उनके परिवार के लोग बहुत दुखी हैं। हम उनसे मिलकर सांत्वना देंगे। घायलों से मुलाकात करेंगे, हमारी मांग है की वहां के उन्ट और रढ को हटाया जाए और हाई कोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से जांच कराई जाए,अगर हम लोगों को वहां जाने से रोका गया तो हम धरना करेंगे।

### संभल के अपराधी सारे समाजवादी : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि "समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। संभल की घटना समाजवादी पार्टी के संरक्षित अपराधियों की देन है। जो संभल के अपराधी हैं, वो सब समाजवादी हैं। अखिलेश यादव को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।" ब्रजेश पाठक ने कहा, "समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। संभल की घटना समाजवादी पार्टी के संरक्षित अपराधियों की देन है। जो संभल के अपराधी हैं, वो सब समाजवादी हैं।

### अलीगढ़ में दावत में पहुंचे अखिलेश बोले: संभल में सरकार और प्रशासन ने कराया झगड़ा

**अलीगढ़, 30 नवंबर (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव सपा के वरिष्ठ नेता मुजाहिद किदवई के एएमयू सर्किल स्थित बरगद हाउस पर पहुंच कर उनके बेटे आरिज और बहू सबा को आशीर्वाद देने पहुंचे। शनिवार को सपा के पूर्व विधायक जफर आलम के आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में जब एक बार जामा मस्जिद का सर्वे हो गया है, तो इतनी जल्दी दूसरी बार सर्वे की क्या जरूरत थी। जब दूसरी बार सर्वे की टीम गई, तो उसमें भाजपाई शामिल थे। इसका सीधा मतलब है कि संभल में सरकार और प्रशासन ने मिलकर झगड़ा कराया और उसे नफरत की आग में झोंका गया है। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय सपा प्रतिनिधि मंडल संभल में पीड़ितों से मिलने के लिए जा रहा था, लेकिन प्रशासन ने उसे मुरादाबाद के मुंडापांडे पर रोक दिया गया, जबकि मुरादाबाद की सांसद रुचिवीरा को उनके आवास से बाहर निकलने नहीं दिया। यह सब क्या है? आखिर कब तक लोगों और पार्टी प्रतिनिधिमंडल को पीड़ितों से मिलने से रोका जाएगा। एक न एक दिन उनसे भेंट हो ही जाएगी। अगर इतनी तेजी सर्वे के दौरान उपजे विवाद से पहले प्रशासन दिखाई होती, तो पांच लोग नहीं मारे जाते।

### माता प्रसाद पांडेय को आवास के बाहर ही रोका

उधर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को आवास के बाहर ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव से परामर्श के बाद संभल दौरे की नई तारीख तय की जाएगी। उन्होंने कहा, "समाजवादी पार्टी ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने का फैसला किया है। हम मांग करते हैं कि सरकार पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दे और घटना की निष्पक्ष जांच हो।



इस बीच, सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से दावा किया गया कि शनिवार को यूपी सपा अध्यक्ष श्यामलाल पाल को नजरबंद कर दिया गया। पार्टी ने यूपी पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हुए राज्य सरकार पर संविधान और लोकतंत्र के अपमान का आरोप लगाया।

### अखिलेश का एलान, संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को देंगे पांच-पांच लाख रुपये

**लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)।** यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। सांसद रुचि वीरा ने बताया कि मृतकों के परिजन के साथ पार्टी की संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। यही नहीं समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करे। आपको बताते चलें कि बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। इसके बाद से वहीं पर स्थिति तवनाव पूर्ण है। दूसरी तरफ मामले में राजनीति भी खूब हो रही है।

### मुरादाबाद कमिश्नर बोलेः किसी भी दल को क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं

**मुरादाबाद, 30 नवंबर (एजेंसी)।** संभल में हिंसा के बाद तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि हालात सामान्य होने तक किसी भी प्रतिनिधिमंडल को क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शनिवार को उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि संभल में स्थायी आदेश लागू हैं। अभी किसी को क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं है। जब स्थिति सामान्य हो जाएगी, तब वहां जाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) से सहयोग करने और अपनी प्रस्तावित यात्रा को स्थगित करने की अपील की। कमिश्नर ने कहा कि संभल में हालात को और खराब होने से बचाने के लिए सपा को हमारे साथ सहयोग करना चाहिए। अभी जांच जारी है और हम साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सपा सांसद इकरा हसन को टोल से ही वापस भेजा

**शामली, 30 नवंबर (एजेंसी)।** संभल हिंसा के पीड़ितों से मिलने के लिए संभल जाते शनिवार को सपा सांसद इकरा हसन को हापुड़ पुलिस ने संभल जाने से रोक दिया तथा उन्हें पिलखुवा टोल प्लाजा से ही वापस भेज दिया। जिस पर सपा सांसद ने कहा कि बीजेपी सरकार लोकतंत्र व संविधान की हत्या कर रही है। उन्हें संभल में जाने से रोका गया है। शनिवार को सपा के डेलीगेशन में शामिल कैराना लोकसभा की सांसद इकरा हसन दिल्ली से संभल में हुई हिंसा के पीडितो से मिलने के लिए जा रही थी। जहां पर बीच रास्ते में हापुड़ पुलिस ने उन्हें रोक दिया तथा पिलखुवा टोल प्लाजा से आगे उन्हें जाने नही दिया गया। सांसद इकरा हसन ने कहा कि संभल में हुई हिंसा के बाद वहां पर पीड़ितों से मिलने के लिए उन्हें जाना था, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया है। हिंसा पीड़ितों से मिलने का सभी को हक है। हम चाहते है कि संभल में जाकर पीड़ितों से मुलाकात करें और उनका दुख दर्द बांटे और घटना की पूरी जानकारी ली जाए। सपा सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र व संविधान की हत्या कर रही है और संभल की नाकामी छिपाने के लिए पुलिस बल को आगे कर रही है।

## राजमिस्त्री प्रधानपति पर लगा रहा था आरोप, उसके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान में गुरूवार को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें राजमिस्त्री को बंधक बनाकर पिटाई की सूचना दी गयी थी। उक्त वीडियो में आरोप था कि प्रधानपति शौकत द्वारा राजमिस्त्री नरेश के मकान बनाने की मजदूरी के पैसे नहीं दिये गए थे और जब वह अपने पैसे लेने के लिए गया तो उसकी बंधक बनाकर पिटाई की गयी, बल्कि राजमिस्त्री नरेश का बचाव करने आई उसके घर की महिलाओं से भी मारपीट की गयी। मगर शनिवार को सब उल्टा पुल्टा होता दिखाई दिया। राजमिस्त्री की जगह नरेश पर ही प्रधान पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज करा दिया गया। प्रधान पक्ष ने बताया कि नरेश पाल ने मकान पर आकर तोड़फोड़ तथा गाली गलौच की। इस मामले में थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब मामले की जांच की जा रही है।

## कोर्ट में पेश हुए पूर्व विधायक शाहनवाज राना

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** दो दिन पूर्व एकाएक पूर्व विधायक शाहनवाज राना को पुरकाजी बिजली चोरी के एक पुराने मामले में पुलिस ने पुरकाजी से गिरफ्तार कर लिया था, जिसमें उन्हें कोर्ट से जमानत दे दी गयी थी मगर शनिवार को उनकी नियमित रूप से पेशी थी, जिसके चलते शनिवार को पूर्व विधायक शाहनवाज राना पेशी पर पहुंचे। उक्त मामले में रेगूलर जमानत के लिए कोर्ट ने 6 दिसम्बर की तिथि नियत की।

# यूपी बोर्ड में जिला स्तर पर बनाए गए 19 परीक्षा केंद्र

▸ आगामी 24 फरवरी से होनी है यूपी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ ▸ इस बार चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज को नहीं बनाया केंद्र

**मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)।** यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की परीक्षाएं जनपद में आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। जिले में नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की अंतिम सूची पर जिला स्तरीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट देते हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज को भेज दी गई है। अब यूपी बोर्ड से निर्धारित केंद्र सूची में आपत्तियां आने के बाद जिला स्तर से अब 19 नए इंटर कॉलेजों को जोड़ दिया गया है। इन परीक्षा केंद्रों में 16 सहायता प्राप्त और 3 वित्तविहीन विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाकर इन 72 परीक्षा केंद्रों की सूची बनाई है। अब इन तमाम परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग व्यवस्था पर काम शुरू किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में केंद्र निर्धारण प्रक्रिया नवंबर माह में शुरू हुई थी। इस कड़ी में पहले प्रयागराज बोर्ड से जनपद में 71 परीक्षा केंद्रों की सूची बनाकर वेबसाइट पर अपलोड़ की गई। इसके बाद में जिला स्तर पर आपत्तियां मांगी गई, जिसमें बाद में डीआइओएस कार्यालय में 50 आपत्तियां आई। इन तमाम आपत्तियों को समाधान करते हुए जिला स्तरीय कमेटी ने कुछ विद्यालयों को परीक्षा केंद्र को काटकर अन्य स्कूलों को भी जिला स्तर से जोड़ दिया, जिसमें 19 विद्यालय बोर्ड परीक्षा केंद्र के लिए शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों में सबसे ज्यादा केन्द्र सदर ब्लॉक के विद्यालय ही शामिल है। इस संबंध में डीआइओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी ने 72 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं, जिसकी सूची यूपी बोर्ड को भेज दी गई है। जब कोई आपत्ति होगी तो यहीं से उसका निस्तारण करा दिया जाएगा। डीआइओएस कार्यालय में आपत्तियों के बाद अंतिम सूची में मुख्य रूप से सहायता प्राप्त विद्यालयों से एमडी इंटर कॉलेज, दूधली, बीएसएस इंटर कॉलेज, लुहसाना, श्री अरविंद इंटर कॉलेज पुरा खतौली, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, बुड़ीनाकलां, डीएवी इंटर कॉलेज, एमएम इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज भोकरहेडी, सीता शरण इंटर कॉलेज खतौली, श्री देवी मंदिर इंटर कॉलेज खतौली, सुक्खन लाल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मीरांपुर, मार्डन इंटर कॉलेज रामराज, कबूल कन्या इंटर कॉलेज खतौली, चरथावल आर्य कन्या इंटर कॉलेज चरथावल को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर वित्तविहीन स्कूलों में स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज बघरा, सर्वोदय इंटर कॉलेज खाईखेडी, लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती इंटर कॉलेज को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार नगर के चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज को मुख्य भवन की जर्जर हालत को देखते हुए परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है।

# हादसे में बुलेट व बाइक की भिड़ंत, 5 घायल

**बुढ़ाना, 31 नवम्बर (बु.)।** सड़क हादसे में बुलेट और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गयी, जिसमें दोनों वाहनों पर सवार 5 लोग घायल हो गये। सभी पांचों घायलों को गढ़ी-सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर पहुंचाया, जहां पर एक किशोर को गंभीर हालत में मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा निवासी आरिश पुत्र सुल्तान मंदवाड़ा और शाकिर पुत्र साजिद मंदवाड़ा के अलावा एक अन्य युवक एक पल्सर बाइक पर सवार होकर गांव गढ़ी-सखावतपुर से किसी काम को करने के बाद अपने घर पर लौट रहे थे, जब वे कांधला रोड पर स्थित मेपल्स एकेडमी पर आए, तो विपरीत दिशा से आई एक बुलेट से बाइक की टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक पर सवार तीनों युवक और बुलेट पर सवार जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव असारा निवासीगण आरिफ पुत्र इम्तियाज अली और उसका दोस्त रब्बान पुत्र सलाउद्दीन भी बुलेट से गिरकर घायल हो गये। आते-जाते हुए कुछ लोगों की सूचना पर गढ़ी-सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस मंगाकर घायलों को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाकर घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दी।

